अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल-कूद का अपना महत्व है। नागपुर क्षेत्र के सावनेर टाउनशिप में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया गया है। इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वुडन बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, व्यायामशाला आदि का समावेश है। यहाँ हमारे कर्मियों और उनके बच्चों को कोचिंग दी जाएगी तथा इस का इस्तेमाल प्रतियोगिताओं के लिए भी किया जाएगा।

बेहतर कार्य निष्पादन के लिए कर्मियों का समुचित प्रशिक्षण आवश्यक है। यह कार्य मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में माह दिसंबर तक हमारे प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल 18,701 प्रतिभागियों को विभिन्न स्किल-सेट में प्रशिक्षित किया गया। इस अवधि में 1,28,339 मैन-डेज का प्रशिक्षण हुआ। इस दौरान हमने IIM तथा IMT नागपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ भी, हमारे कर्मियों के लिए, प्रशिक्षण आयोजित किया। परियोजना प्रभावित व्यक्तियों एवं आस-पास के बेरोजगार युवाओं के लिए समुचित प्रशिक्षण के माध्यम से कौशल विकास का हमारा प्रयास रहता है। इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए हमने CIPET, CIIF, FDDI, Ashok Leyland IDTR, ATDC, ACF एवं FIH जैसे प्रशिक्षण संस्थानों से एमओयू (MoU) किया हैं। इस वित्तीय वर्ष में माह दिसंबर तक हमने 1,052 युवाओं को प्रशिक्षित किया, जिनमें 486 लड़कियां है। नए कौशल सीखकर ये युवा स्वयं को अच्छे नौकरी के साथ ही स्व-रोजगार से भी जोड़ पा रहे हैं।

इस वित्तीय वर्ष में 15.01.2024 तक हमने विभागीय चयन के माध्यम से 298 कर्मियों का विभिन्न पदों पर चयन किया। हमने सीधी भर्ती के माध्यम से 144 युवाओं को वेकोलि के साथ जोड़ा। इस दौरान ही, भूमि की एवज में हमने कुल 744 भू-विस्थापितों को रोजगार के माध्यम से वेकोलि के साथ जोड़ा है। साथ ही, इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में हमारे कर्मियों को अब तक कुल 2,517 पदोन्नतियाँ दी गई हैं।

ऐसे कई पहल किये गए है। इतना ज्यादा सकारात्मक काम हुआ है कि उसका समावेश एक संवाद में कर पाना संभव नहीं। इन सभी कार्यों का प्रभाव लक्ष्य प्राप्ति में स्पष्ट दिखता है।

गौर से देखें तो वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड की कहानी भी उम्मीदों, ज़िद और विश्वास की ही है। उम्मीद है देश को रोशन करने की, ज़िद है वार्षिक लक्ष्यों को हासिल करने की और विश्वास है कि हमारा हर प्रयास देश के प्रगति में ईंधन का काम करेगा। आपकी उम्मीद, आपकी ज़िद, आपका विश्वास ही इस कंपनी का संबल है। यह विश्वास दिलाता है कि हम अपने इस साल के कोयला उत्पादन, कोयला प्रेषण और ओबी निष्कासन, सभी के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

मैं, सभी खनिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमिक संघ के पदाधिकारी गण, कंपनी के निदेशक गण, CVO और अन्य अंशधारक, जो वेकोलि को सफलता के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दे रहे हैं, सभी को धन्यवाद देता हूँ। एक बार फिर सभी को सपरिवार गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द !

आपका

(मनोज कुमार)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

नागपुर
26 जनवरी, 2024

# गणतंत्र दिवस पर
## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री मनोज कुमार
## का
# संदेश
## 26 जनवरी, 2024

कोल इंडिया
Coal India

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



## गणतंत्र दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे साथी निदेशकगण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल के सदस्यगण, समस्त विभागाध्यक्ष एवं Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं, सज्जनवृंद और प्यारे बच्चों !

75 वें गणतंत्र दिवस की, आप सब को, हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह 74 वर्षों का सफ़र, उम्मीदों का सफ़र है, ज़िद की उड़ान है, विश्वास की जीत है। 26 जनवरी, 1950 को जब भारत ने अपना संविधान अपनाया, भूतकाल में थी अंग्रेजी हुकूमत, वर्तमान में देश को सँभालने की महत्ती जिम्मेदारी और आँखों में थे भविष्य के सुनहरे सपने, था एक विश्वास - विकसित राष्ट्र बनने का। यह सफ़र आपके-मेरे जैसे सामान्य नागरिकों की उम्मीद से शुरू हुआ। ज़िद बेशुमार थी, तो प्रगति को पंख मिले। हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ते चले गए। आज हमारा भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह आपके विश्वास की ही तो जीत है, जो भारत के खुशहाली में दिखती है। इस जीत की आप सब को शुभकामनाएँ।

यह पावन अवसर है उनको याद करने का, जिनके त्याग और बलिदान से यह भारत एक सशक्त गणतंत्र बना। उन सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का, जिन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ी और जिनकी बदौलत हमें एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था विरासत में मिली। यह अवसर है संविधान के निर्माताओं को याद करने का, जिन्होंने इस देश को एक ऐसा संविधान दिया, जिसने इस देश को अखंड, लोकतांत्रिक और विजयी रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। और यह अवसर है स्वयं को, भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति समर्पित करने का और संकल्पित होकर देश की विकास यात्रा में शामिल होने का।

मित्रों, देश जिस गति से आगे बढ़ रहा है, उसी गति से ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है, परिणामस्वरूप कोयले की मांग भी। हमें गर्व है कि वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड देश की कोयला आवश्यकताओं को पूर्ण करने में अपना सार्थक योगदान दे रहा है। मुझे आपसे साझा करते हुए हर्ष हो रहा है कि कोयला उत्पादन, ओबी निष्कासन और डिस्पैच के आज तक के आंकड़े, स्थापना से अब तक के किसी भी वित्तीय वर्ष में इस अवधि के लिए, सर्वाधिक है। हमने दिनांक 22.01.2024 तक कुल 49.21 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया है, जो कि गत वर्ष से 12.65% अधिक है। वेकोलि ने इसी अवधि में 54.58 मिलियन टन कोयला प्रेषण किया है, जो गत वर्ष की तुलना में 15.05% अधिक है। ओवरबर्डन में भी हमने सकारात्मक बढ़त हासिल की है। इसी अवधि में वेकोलि ने 31.05% की बढ़त के साथ 316.9 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन निष्कासन किया है। यहाँ से हमारा संकल्प दृढ़ और परिश्रम अविराम होना चाहिए। हमें अपने लक्ष्य से आगे निकलते हुए, इस वर्ष के 69 मिलियन टन के अपेक्षित लक्ष्य को हासिल करना है - और हम कर लेंगे, मुझे पूरा विश्वास है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि माह अक्तूबर से शारदा भूमिगत खदान से कोयला उत्पादन प्रारंभ हो गया है। जल्द ही धनकसा खदान से भी कोयला उत्पादन प्रारंभ होगा। एक दीर्घ अंतराल के बाद हम किसी नई भूमिगत खदान से कोयला निकलने में सक्षम हुए हैं। यह वेकोलि में यूजी विज़न प्लान के क्रियान्वयन की दिशा में निश्चय ही सकारात्मक पहल है।

कोयला उत्पादन के साथ ही हमें सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखना है। हम सेफ्टी ऑडिट, समुचित प्रशिक्षण, ईमरजेंसी मॉक ड्रिल आदि से खनन कार्य में सुरक्षा को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे है। सभी खदानों के लिए सेफ्टी मैनेजमेंट प्लान तैयार किए गए हैं। ओबी डंप एवं बेंच के स्टेबिलिटी की निगरानी के लिए 62 टोटल स्टेशन एवं 17 लेज़र स्कैनर का प्रयोग किया जा रहा है। रेस्क्यू केन्द्रों पर 04 पोर्टेबल गैस क्रोमाटोग्राफ की व्यवस्था की गई है। सुरक्षित खनन की दिशा में ऐसे अनेक प्रयास किए जा रहे हैं।

नई तकनीकी को अपनाने के हम पक्षधर हैं। ब्लास्ट फ्री खनन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, वर्तमान में, वेकोलि में 06 सरफेस माइनर एवं 03 कन्टिन्यूयस माइनर कार्यरत है। जल्द ही 4 अतिरिक्त सरफेस माइनर तथा योजनाबद्ध अंतराल में 21 और कन्टिन्यूयस माइनर लगाए जाएंगे। कोयला प्रेषण की प्रक्रिया में गति लाने की दृष्टि से उमरेड क्षेत्र के एमकेडी-III एवं वणी क्षेत्र की मुंगोली खदान में फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट का कार्य प्रगति पर है। हाल ही में बल्लारपुर क्षेत्र की सास्ती खदान के लिए भी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट की स्वीकृति दी गई है। इससे पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित होगा तथा कार्य में दक्षता बढ़ेगी। हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को, गैर पारंपरिक तरीके से, पूर्ण कर सके, इस हेतु Hydro Pump Storage प्रणाली को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने इस प्रोजेक्ट के लिए 5 संभावित साईट चिह्नित किए हैं।

Integrated Command & Control Centre, जो कोल इंडिया का अपने तरह का पहला सर्विलेंस सेंटर है, अब पुरी तरह से कार्यरत है। इसके जरिए, विभिन्न खदानों में लगाए गए 500 CCTV कैमरा की मदद से 24X7 सर्विलेंस का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही हाल ही में हमने वेकोलि की खुली खदानों के सर्विलेंस के लिए ड्रोन तकनीकी भी अपनाई है।

पर्यावरण संरक्षण वेकोलि के लिए महत्वपूर्ण विषय है। स्थाई विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2023-24 में हमने 209.77 हेक्टेयर भूमि पर 5,04,420 पौधों का रोपण किया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई तकनीकी, जैसे ट्राली माउंटेड मिस्ट फोगर, मैन्युअल टायर वाशिंग प्रणाली आदि का प्रयोग किया जा रहा है।

भविष्य की तैयारी किसी भी कंपनी के दीर्घकालिक यश के लिए आवश्यक है। मुझे आपसे साझा करते हुए संतोष है कि मेरे, बतौर सीएमडी, 3 वर्षों के कार्यकाल में 64.34 मिलियन टन क्षमता की 23 परियोजनाएँ स्वीकृत की गई। इसी प्रकार, इन 3 वर्षों में 4.115 MTPA की अतिरिक्त पर्यावरणीय स्वीकृति (EC), 1059.74 हेक्टेयर भूमि के लिए स्टेज-II वन स्वीकृति (FC) और 2851.72 हेक्टेयर भूमि का पजेशन हासिल हुआ है। दीर्घकाल में वेकोलि को निश्चित ही इसका लाभ मिलेगा।

आज सूचना प्रौद्योगिकी का सकारात्मक प्रभाव हर क्षेत्र में देखा जा सकता है; कोयला क्षेत्र में भी। वेकोलि में अब ERP के क्रियान्वयन से कोयले के उत्पादन और प्रेषण की जानकारी रियल-टाइम में उपलब्ध हो रही है, जिससे कोयले की बिलिंग प्रक्रिया में लगने वाला समय घटा है। ERP के डैश बोर्ड पर उपलब्ध जानकारी से कार्य संबंधी निर्णय तुरंत लेने में सहायता हो रही है। इस प्रणाली की वजह से कर्मियों का वेतन अब प्रत्येक माह के समाप्त होने के तुरंत बाद करने में हम सक्षम हुए हैं।

हमारा सतत प्रयास रहता है कि हमारे कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध हो। वर्तमान में, 10 अस्पताल और 34 डिस्पेंसरी के माध्यम से हमारे कर्मियों एवं उनके परिजनों को अच्छी चिकित्सकीय सुविधा प्राप्त है। हमने कुछ अच्छे डायग्नोस्टिक एवं इमेजिंग सेंटर्स के साथ एमपैनलमेंट किया है। इस माध्यम से भी हम चिकित्सकीय आवश्यकताओं को बेहतर कर पाएंगे।